विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-27 का उत्तर :-

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 27(क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि जनपद-उन्नाव, तहसील-पुरवा, ब्लाक-हिलौली, पोस्ट-सन्दाना, ग्राम-गजराजखेड़ा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संख्या-313110538492 व 313110552382 के साथ ही कितनी निराश्रित महिलाओं के द्वारा विधवा पेंशन के आवेदन किये गये थे ? | जनपद-उन्नाव के तहसील-पुरवा, ब्लाक-हिलौली, पोस्ट-सन्दाना, ग्राम-गजराजखेड़ा में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन संख्या-313110538492 के साथ रजिस्ट्रेशन संख्या-313110571952 श्रीमती अर्चना सिंह पत्नी स्व0 हरदेव सिंह का एक मात्र आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है, जबकि रजिस्ट्रेशन संख्या-313110552382 पेंशन पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है । |
| (ख) क्या उक्त आवेदनों की पेंशन लाभार्थियों के खाते में भेज दी गयी है ? | श्रीमती राधा पत्नी स्व0 राम लखन सिंह द्वारा अपनी पेंशन हेतु दो बार ऑनलाइन आवेदन (रजिस्ट्रेशन संख्या-313110538492 व 313110552342) किया है, आवेदन डुप्लीकेट होने के कारण उक्त दोनों आवेदन पत्र स्वत: रिजेक्ट हो गये, जिसके कारण इन्हें पेंशन धनराशि का भुगतान नहीं किया गया। श्रीमती अर्चना सिंह पत्नी स्व0 हरदेव सिंह (आवेदन रजिस्ट्रेशन संख्या-313110571952) को नियमित रूप से पेंशन का भुगतान हो रहा है। जबकि रजिस्ट्रेशन संख्या-313110552382 का कोई भी विवरण पेंशन पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहा है । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | श्रीमती राधा पत्नी स्व0 राम लखन सिंह के 02 आवेदनों में से 01 आवेदन रजिस्ट्रेशन संख्या-313110552342 को निरस्त करते हुए रजिस्ट्रेशन संख्या-313110538492 को संशोधित किया गया, |

| | |
|---|---|
| | संशोधनोपरान्त श्रीमती राधा द्वारा दिनांक 29.10.2024 को पेंशन पोर्टल पर अपना आधार प्रमाणीकरण कराया गया है। तदोपरान्त वर्तमान में पी0एफ0एम0एस0 पर रिस्पांस (प्रतिक्रिया) लम्बित है। अग्रेतर पी0एफ0एम0एस0 से रिस्पांस प्राप्त होने तथा जनपदीय अधिकारी द्वारा री-वेरीफिकेशन किये जाने के उपरान्त नियमानुसार आवेदिका को भुगतान कर दिया जायेगा। |
| (घ) यदि नहीं, तो उक्त धनराशि को लाभार्थियों के खाते में अभी तक न भेजे जाने के क्या कराण है ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ङ) क्या उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | आवश्यकता नहीं है। |
| (च) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

बेबी रानी मौर्य
मंत्री।